# तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## हरिगाँव

(Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar | Affiliated to A.K.U., Patna) | NCTE CODE-APE01012

प्रथम संस्करण

# वार्षिक समाचार पत्रिका

## 2021



**Courses**

**B.ED. & D.EL.ED.**

HARIGAON, P.O. - SANYA BRAHATTA, BHOJPUR, (ARA) BIHAR-802162

*A unit of Tarkeshwar Narayan Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara*



संरक्षक
डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल
टी.एन.ए.टी.टी.सी., हरिगाँव



प्राचार्य
डॉ॰ राहुल कुमार पाण्डेय
टी.एन.ए.टी.टी.सी., हरिगाँव



लेखक/सम्पादक
कमलेश कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर, टी.एन.ए.टी.टी.सी., हरिगाँव

## संदेश



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगाँव आरा (भोजपुर) द्वारा अपने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को जनसामान्य एवं छात्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा अश्वनलाइन समाचार पत्रिका के प्रथम संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

मुझे आशा है कि इस ऑनलाइन समाचार पत्रिका में महाविद्यालयी प्रशिक्षण स्तर के जो समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों गतिविधियों की जानकारी सहित अनेक शैक्षिक नवाचार प्रकाशित किए गए हैं, जिससे समाज और छात्रों को अच्छा संदेश जाएगा।

मैं इस समाचार पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु प्रकाशक मंडल को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

**डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल**
सचिव
तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक
प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगाँव आरा

---

## संदेश



यह मेंरे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि हमारा प्रशिक्षण महाविद्यालय वार्षिक समाचार प्रथम पत्रिका प्रकाशित करने जा रहा है।

भाषा के द्वारा अभिव्यक्ति सम्भव है। सृजनात्मक कृतियों से अभिव्यक्ति दूसरे के साथ ही स्वयं को भी प्रेरित करती है। इस प्रेरणात्मक कृतियों को आम जन तक पहुँचाने हेतु एक सफल मंच प्राप्त होना जरूरी होता है। जिसके लिए तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सदैव तत्पर रहता है।

संपादक मण्डल के साथ लेखको एवं प्रशिक्षणार्थियों को हार्दिक शुभकामना एवं प्रबन्धतंत्र को साधुवाद।

शुभकामानाओं के साथ!

**डॉ॰ राहुल कुमार पाण्डेय**
प्राचार्य
टी.एन.ए.टी.टी.सी., हरिगाँव, आरा

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर निबंध लेखन प्रतियोगिता





12 जनवरी 2021 को स्वामी विवेकानंद जयंती के भाुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव आरा में "निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक "राष्ट्र के निर्माण में युवा पीढ़ी का योगदान" रहा।

इस अवसर परमहाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्या श्रीमती पी0 एम0 जेना द्वारा "स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया गया, साथ ही उन्होंने अपने उद्यबोधन में कहा कि हमसब आज एक महान् दार्शनिक और भारत के अध्यात्म का डंका पूरे विश्व में बजाने वाले स्वामी विवेकानंद जी का 158वीं जयंती बड़े हर्षोउल्लास के साथ मना रहें हैं, साथ ही उन्होंने स्वामी के द्वारा युवाओं को दिये गये संदेश को भी कहा कि खुद को कभी कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है, प्रेरणात्मक अभिभाषण के बाद बी0 एड0 के सभी प्रशिक्षु निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये। जिसमें ज्योति कुमारी प्रथम स्थान, अमन कुमार द्वितीय स्थान, तथा मो॰ जमीर खाँन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# 72वाँ गणतंत्र दिवस



रंगोली, नाटक समेत कई कार्यक्रम

झंडोतोलन

दिनांक 26 जनवरी 2021 को 72वाँ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव आरा में झेडोत्तोलन, सांस्कृतिक एवं पूर्व में आयोजित विभिन्न खेलों के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं खेल प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ॰ कृष्ण माधव अग्रवाल जी साथ में हरगिँाव के वरिष्ठ नागरिक श्री रामाकांत चौबे द्वारा झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया गया। इसके उपरान्त बी॰ एड॰ के प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रभारी प्राचार्या तथा कार्यक्रम सह–संयोजक द्वारा मेडल व खेल प्रमाण पत्र प्रशिक्षुओं को दिया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम समिति सह–संयोजक श्री कमलेश कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकगण के नेतृत्व में आयोजित किया गया।







# स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती के अवसर पर ‘‘सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान’’

दिनांक 12.02.2021 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव आरा में स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती के अवसर पर महाविद्यालय द्वारा "सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियाान रैली" निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के चित्रपट के समक्ष प्रभारी प्राचार्या श्रीमती पी॰ एम॰ जेना द्वारा दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया गया, साथ ही रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में बी॰एड॰/डी॰एल॰एड॰ के समस्त प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

रैली महाविद्यालय से हरिगाँव गाँव के रास्ते बाजार, एन॰एच॰ पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रैली के नेतृत्व समस्त प्राध्यापकों के द्वारा किया गया।






# बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वार्षिक पत्रिका ‘सुकृति’’ का पंचम संस्करण का विमोचन





दिनांक 16.02.2021 दिन मंगलवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव के प्रांगण में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण एवं अध्ययनरत प्रशिक्षुओं ने माँ वीणवादीनी भगवती सरस्वती जी का विधिवत हवन पूजन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी के विशेष आग्रह पर महान् संत स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी का आध्यात्मिक (प्रेरणात्मक) प्रवचन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही महाविद्यालयी वार्षिक पत्रिका "सुकृति" के पंचम संस्करण का विमोचन किया गया तथा महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती अनिता कृष्ण, सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्रबंधन समिति सदस्य, ई॰ धिरेंन्द्र सिंह, प्रभारी प्राचार्या श्रीमती पी॰ एम॰ जेना द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

8 मार्च 2021 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "प्रोजेक्ट कार्य" एवं व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ॰ राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा माँ सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम में बी॰ एड॰/डी॰एल॰एड॰ के सभी प्रशिक्षुओं ने अपने–अपने आदर्श तथा महान व्यक्तित्व से अभिप्रेरित तथा प्रेरणात्मक श्रोत प्राप्त के सभी का चित्रकारी कर एवं फोटो प्रस्तुत किये। इस मौके पर महोदय ने अपना विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक भी कहे, **"यत्र नार्यवस्तु पूज्यन्ते रमणते तत्र देवता"** अर्थात् जहाँ नारी की पूजा होती है वहा देवता निवास करते हैं। इसी क्रम में उपस्थित सभी सहायक प्राध्यापकगण व बी॰ एड॰/डी॰ एल॰ एड॰ प्रशिक्षुओं ने अपने विचार व आदर्षित व्यक्तित्व का व्याख्यान किये।








कॉलेज में हुई व्याख्यानमाला

संवाददाता, आरा

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव भोजपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी का नारीत्व विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया और अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब महिलाओं का सम्मान किया जाये. जब तक उन्हें शैक्षिक, राजनीतिक अधिकार, सामाजिक अधिकार और धार्मिक अधिकारों पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता नहीं दी जायेगी, तब तक उनका विकास संभव नहीं है. महाविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि समाज में महिलाओं कि स्थिति दयनीय होगी, तो समाज का विकास अवरुद्ध हो जायेगा.

उन्होंने नारी के नारीत्व विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला. इसी क्रम में सहायक प्राध्यापिका बिंदी कुमारी, अंजली सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये तथा छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर प्रोजेक्ट कार्य भी किया. कार्यक्रम का सह-संयोजन कमलेश कुमार संचालन विजय कुमार झा ने किया. इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी सहित छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे.

# पोस्टर प्रतियोगिता

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार, बिहार सरकार द्वारा निर्धारित "अमृत महोत्सव" एवं बिहार दिवस के शुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में दिनांक – 23.03.2021 को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी॰ एड॰/डी॰ एल॰ एड॰ के समस्त प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रशिक्षुओं द्वारा बहिर के गौरवशाली महान् व्यक्तित्व का चित्रण किया जिसमें सीमा कुमारी बी॰ एड॰ प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान अंकिता भारती तथा शालिनी कुमारी बी॰ एड॰ सत्र 2020–22 से प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा पुरस्कृत किया गया, सम्पूर्ण कार्यक्रम श्रीमती बिन्दी कुमारी सहायक प्राध्यापिका के नेतृत्व में आयोजित किया गया।





# वाद-विवाद प्रतियोगिता

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव, आरा में आजादी के अंतर्गत 75 वर्ष पूर्ण होने पर एवं "अमृत महोत्सव" के अंतर्गत वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक –"क्या भारतीय लोकतंत्र अभी भी संघर्षरत" हैं। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा माँ सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता में पक्ष व विपक्ष दो समूह बनाया गया–A समूह में 10 प्रशिक्षु, B समूह में 10 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें मु0 कलीम अंसारी प्रथम स्थान (विपक्ष) मनीश कुमार द्वितीय स्थान तथा अंकिता भारती तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों के नाम की धोषणा प्राचार्य महोदय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम श्री आर॰ के॰ विश्वकर्मा व श्री कमलेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।





# वृक्षारोपण कार्यक्रम

दिनांक–01.04.2021 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में "अमृत महोत्सव" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत बी॰ एड॰/डी॰ एल॰ एड॰ के सभी प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार का वृक्षारोपण किया गया।







# स्वच्छता अभियान

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निर्देशालय

पत्रांक संख्या–97/रा0 से0 यो0/क्षे0 नि0/2020–21 –4127 के अंर्तगत दिनांक 04.04.2021 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव के प्रशिक्षुओं द्वारा महाविद्यालय हरिगाँव के निकटतम लगभग 10 कि॰ मी॰ की दूरी पर बाबू वीर कुँवर सिंह किला जगदीशपुर के अन्दर साफ–सफाई का कार्य किया गया।

# लायन्स क्लब पटना व टी.एन.ए. एजुकेशन एवं सोशल वेलफेयर सोसाईटी के संयुक्त में वृक्षारोपण कार्यक्रम

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं लायंस क्लब पटना के संयुक्त रूप से तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्षा श्रीमती अनीता कृष्ण, सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष अनूप कुमार, श्री रंजन राय कैबिनेट सचिव लायंस क्लब, श्रीमती नीता मिश्रा अध्यक्षा लायंस क्लब अनंता उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती एवं महाविद्यालय संस्थापक स्वर्गीय पूज्यनीय तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर आरंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों को सचिव महोदय एवं महाविद्यालय अध्यक्षा द्वारा सभी सदस्यों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इसी क्रम में लायंस क्लब के चीफ सेक्रेटरी अनूप कुमार ने वृक्षारोपण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक वर्ष हम सभी को सूखा, बाढ़ की मार झेलनी पड़ती है। उसका मुख्य कारण वृक्षों का कटाव है। जो हम सभी के बीच के लोग वृक्ष लगाने के बजाय काट रहे हैं। अनेकों रूप में जैसे सड़क निर्माण, फैक्ट्री निर्माण एवं औद्योगिक कंपनी बनाने हेतु काट रहे है। अगर हम सब जागरूक होकर इन्हें काटने से बचा देंगे तो हम सभी शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इसी क्रम में सभी उपस्थित सदस्यों ने भी अपने–अपने विचार रखें।











लायन्स क्लब के सहयोग से 150 पौधे लगे


टीएन अग्रवाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुआ पौधारोपण







# महाविद्यालय की स्थापना दिवस

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव में दिनांक 14.08.2021 को महाविद्यालय स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ राहुल कुमार पाण्डेय एवं समस्त शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण महाविद्यालय संस्थापक पूज्यनीय स्वर्गीय तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण तथा अध्ययनरत बी॰ एड॰ एवं डी॰एल॰एड॰ के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।





# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2021

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर झंडोत्तोलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, व रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी द्वारा झंडोत्तोलन एवं माँ भारतीय के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रशिक्षुओं द्वारा देशभक्ति गीत तथा देश जागरूक नाटक प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में सचिव महोदय द्वारा प्रशिक्षुओं एवं उपस्थित सभी सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक भ्रुभकामनाएँ देते हुए कहे कि "आजादी के पूर्व भारत एक ब्रिटिश उपनिवेश था और उस अवधि के दौरान हम सबके पूर्वजों ने परेशानियों का सामना किया । और अपने प्राणों की आहुति दी है। इस तरह से स्वतंत्रता के बाद जन्म लेने वाले व्यक्तियों को गर्व महसुस करना चाहिए। क्योंकि वह स्वतंत्र भारत में जन्म लिया है तथा व भाग्यशाली हैं। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।









# 5 सितम्बर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम 2021

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन के माध्यम से महाविद्यालय में कार्यरत सभी सहायक प्राध्यापकगण को शिक्षक दिवस कि हार्दिक बधाई व शुभकामना दिये।

इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ राहुल कुमार पाण्डेय ने डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया, साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकगण को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कि तथा शिक्षक दिवस पर अपना विचार रखते हुए कहा कि "जिस प्रकार हमारे शरीर को भोजन की आवश्यकता पड़ती है ठीक इसी प्रकार हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिये एवं उचाईयों को हासिल करने के लिए शिक्षा की जरूरत पड़ती है। इसी क्रम में सभी प्रध्यापकगण ने भी शिक्षक दिवस पर अपने अपने विचार प्रकट किये।






# 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छता मिशन कार्यक्रम

2 अक्टूबर महात्मा गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर महाविद्यालय द्वारा हरिगाँव, गाँव में स्थित प्राचीन शिवमंदिर एवं महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई का कार्यक्रम प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में तथा सह–शैक्षणिक गतिविधी सह–संयोजक श्री कमलेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण व बी॰ एड॰/डी॰ एल॰ एड॰ के समस्त प्रशिक्षुओं ने श्रमदान किया।







# श्री महाराज अग्रसेन जयन्ती

श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव द्वारा मतादान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय ने रैली को हरिझंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया गया। रैली श्लोगन एवं नाटक के द्वारा समस्त नागरिकों मतादान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली हरिगाँव, गाँव के रास्ते बाजार, बैंक, हाई स्कूल होते हुए महाविद्यालय प्रस्थान किये। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री कमलेश कुमार सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया।





# बी.एड. सत्र 2021-23 नवप्रशिक्षु स्वागत कार्यक्रम

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के आदेशानुसार दिनांक–01.11.2021 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में "बी0 एड0 सत्र– 2021–23 के नवप्रशिक्षुओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा सर्व प्रथम माँ सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात् बी0 एड0 सत्र–2020–22 के प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत गान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके उपरान्त महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित नवप्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दिये। इसी क्रम में कार्यक्रम समिति द्वारा नियोजित कार्यक्रम जैसे प्रशिक्षु परिचय, सामान्य ज्ञान एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर की पहचान किया गया, जिसमें प्रथम स्थान बालक वर्ग आनंद कंमार सिंह (मिस्टर फ्रेशर), बालिका वर्ग में अन्नु कुमारी (मिस फ्रेशर) के रूप में चयन किया गया। दोनों प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदय द्वारा स्मृति चिन्ह दिया गया। नव प्रशिक्षुओं को प्राचार्य महोदय द्वारा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के पाठ्यचर्या के सन्दर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चुँकी विश्वविद्यालय के जो सिलेबस है इसका पालन महाविद्यालय द्वारा करना सुनिश्चित रहता है। अतः महाविद्यालय के द्वारा सभी पाठयक्रम एवं अन्य गतिविधियों की चर्चा की गई प्राचार्य महोदय द्वारा महाविद्यालय पाठयक्रम का वितरण भी किया गया।







# 4 दिवसीय फीट इण्डिया वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में दिनांक–17.11.2021 से 20.11.2021 तक वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता एवं देशी खेलों का आयोजन किया गया। प्रथम दिन– वॉलीबाल, बैडमिन्टन, चेस, कैरमबोर्ड, द्वितीय दिन–50मी0 दौड़, रिलेरेस, ज्वेलिंग थ्रो, सॉटपुट थ्रो, तृतीय दिन– कबड्डी, खो–खो, बुढ़िया कबड्डी, टायर रेस, जलेबी दौड़, गुलेल चतुर्थ दिन– 50मी0 फाइनल दौड़, 50 मी0 रिले दौड़ फाइनल, रस्सा–कसी एवं मेडल वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्रपट के समक्षदीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। तथा प्रत्येक दिन के खेल के निर्णायक की भूमिका में खेल प्रशिक्षक श्री कमलेश कुमार तथा स्कोरर की भूमिका में श्री आर0 के0 विश्वकर्मा, श्रीमती अंजली सिंह, श्री चंदन कुमार गुप्ता एवं श्री के0 वी0 यादव रहे। कार्यक्रम में बी0 एड0 के सभी प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किये। जिसमें बालक वर्ग में ऑलआवर चैम्पियन–अंजनी कुमार तथा बालिका वर्ग में कुसुम कुमारी रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा मेडल व खेल प्रमाण पत्र दिया गया।





बालक वर्ग में अंजनी कुमार व बालिका वर्ग में कुसुम कुमारी को मिला प्रथम स्थान




# "भारतीय संविधान दिवस" पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में "भारतीय संविधान दिवस के शुभ अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक– "भारतीय संविधान को वर्तमान समय में प्रासंगिकता"।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय अपना विचार रखे, संविधान के मूल अधिकार पर डी0एल0एड0 के (H.O.D.) श्री आर के विश्वकर्मा के द्वारा विचार रखा गया। संविधान के मूल कर्त्तव्य पर वरिष्ट सहायक प्राध्यापक श्री अजीत कुमार सिंह द्वारा विचार रखा गया।

कार्यक्रम में बी0एड0 के सभी प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया जिसमें विपक्ष के रूप में शालिनी सिंह (बी0एड0 छात्राध्यापिका) ने अपना पक्ष मजबूती से रखा।


भारतीय संविधान की विशेषता व महत्व पर डाला गया प्रकाश

जिले में संविधान दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

संविधान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता







# चार दिवसीय उन्मुक्त गगन शिविर

महाविद्यालय में चार दिवसीय उन्मुक्त गगन शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी के निर्देशन पर तथा प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व श्री कमलेश कुमार, श्रीमती बिन्दी कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बी0एड0/डी0एल0एड0 से सभी प्रशिक्षुओं ने सहभाग किये। प्रशिक्षुओं को चार समूह में बाँटा गया। प्रत्येक समूह के अलग अलग नाम–डॉ0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन ग्रुप, स्वामी विवेकानन्द ग्रुप, स्वामी दयानन्द सरस्वती ग्रुप, महर्षि अरबिन्दो ग्रुप प्रत्येक समूह का नेतृत्व एक–एक सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नवत कार्यक्रम किये गये – प्रार्थना, योग, साफ–सफाई, भजन,





सौन्दर्यीकरण व पर्यावरण सम्बन्धित कार्य, श्रमदान स्वास्थय शिक्षा जागरूकता रैली शिक्षा, दहेज प्रथा बाल विवाह, भ्रूण हत्या, सामाजिक कुरीतियों के प्रति आर्ट–कला, कम्पटीशन, नृत्य, संकलन, प्राथमिक उपचार, भित्ति पत्रिका, प्रदर्शनी, झाँकी, शिविर ज्वाला, भोजन प्रतियोगिता, आदि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री संतोष कुमार गुप्ता (सी0 ई0 ओ0, आई0 एस0 आर0 एम0) विशिष्ट अतिथि, महाविद्यालय सचिव, डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल, श्री संजय चतुर्वेदी जी (दिव्य प्रेम सेवा मिशन, गंगा विचार मंच) कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती व महाविद्यालय संस्थापक पूज्यनीय स्व0 तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। इस शुभ अवसर पर सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह सचिव महोदय के द्वारा भेंट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि महोदय ने अपना विचार रखते हुए कहा कि हम सबको एक ऐसी शिक्षकीय वातावरण का निर्माण करना होगा जिससे चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सके। जो आज इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम से प्रशिक्षुओं का चरित्र एवं एक अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण होगा।











उन्मुक्त गगन शिविर से प्रशिक्षुओं के अंदर व्यक्तित्व निर्माण व विकास संभव

# एक दिवसीय शैक्षिक परिभ्रमण कैमूर पहाड़ भभुआ

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव में दिनांक–11. 12.2021 को बी0 एड0/डी0 एल0 एड0 सत्र–2020–22 के प्रशिक्षुओं का शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक परिभ्रमण महाविद्यालय से कैमूर पहाड़ी भभुआ एवं माँ मुण्डेश्वरी दर्शन के लिए सुबह–7:30 पर प्राचार्य डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय द्वारा बस को हरिझंडी दिखाकर रवाना किया गया। परिभ्रमण के दौरान समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे। सभी प्रशिक्षुओं का चार समूह बनाया गया। प्रत्येक समूह का नेतृत्व महाविद्यालय दो–दो स0 प्राध्यापकों द्वारा किया गया। तथा सम्पूर्ण शैक्षणिक परिभ्रमण डॉ0 मनोज कुमार उपाध्याय द्वारा (H.O.D. B.Ed) एवं श्री कमलेश कुमार द्वारा किया गया।





# पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन एवं महाविद्यालय सचिव महोदय जन्मोत्सव कार्यक्रम



टीएनए टीचर्स कॉलेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन

दिनांक–15.12.2021 दिन बुद्धवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगाँव आरा में महाविद्यालय वार्षिक उत्सव तथा पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन एवं सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शांति अग्रवाल (चेयरमैन, तारकेश्वर नारायण अग्रवाल सोसल वेलफेयर फाउंडेशन आरा) विशिष्ट अतिथि, डॉ॰ कुमार शैलेन्द्र (रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष जगजीवन कॉलेज आरा) कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय, प्रबंधन समिति ई0 धिरेन्द्र सिंह एवं हरिगाँव के वरिष्ट नागरिक श्री रामाकांत चौबे जी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं महाविद्यालय के संस्थापक पूज्यनीय स्व0 तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही बी0 एड0 छात्राध्यापिका सीमा कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत गान के माध्यम से स्वागत किया। स्वागत के क्रम में प्राचार्य महोदय ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि वार्षिक उत्सव सृजनात्मक एक प्रक्रिया का अंग है। इससे छात्रों में छिपी प्रमिभा का प्रदर्शन होता है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 कुमार शैलेन्द्र जी ने कहा कि "शिक्षा अक्षर पर पूर्ण आधारित नहीं होनी चाहिए। बल्कि शिक्षा ऐसा हो जो उसके अन्दर की कला को निखार सके।" इसी क्रम में प्रबंधन समिति के सदस्य ई0 धिरेन्द्र सिंह ने कहा कि "शिक्षा का उद्देश्य नौकरी पाना ही नहीं होता है बल्कि हमारी सोच ऐसी होनी चाहिए कि कम किसी भी क्षेत्र में रोजगार का सृजन कर सके। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि "छात्रों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान कर छात्रों की प्रतिभा में निखार लाने के साथ ही सृजनात्मक शक्तियों का विकास करना"।



कार्यक्रम में उपस्थित सचिव महोदय के माता जी द्वारा केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सचिव सर ऑनलाइन जुड़ कर सभी सदस्यों द्वारा दी गयी बधाई को स्वीकार किये, इसी क्रम में पूर्ववर्ती छात्रों ने भी अपना–अपना महाविद्यालय शिक्षण एवं कार्यशैली को सही बताते हुए अपना–अपना अनुभव रखे।



